सीबीएसई/मीडिया व जन-सम्पर्क/एनसीबी/2024/ दिनांक: 04.06.2024

सीबीएसई से संबद्ध
सभी विद्यालयों के प्रमुख

**विषय: "जिंदगी को हाँ और नशे को ना कहें" शीर्षक से ई-प्रतिज्ञा द्वारा जागरूकता अभियान**

प्रिय प्रधानाचार्यगण,

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ड्रग कानून प्रवर्तन से जुड़े सभी मामलों के लिए नोडल एजेंसी है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों के साथ समन्वय करके ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने और भारत को मादक द्रव्य/ मादक पदार्थ मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वर्तमान समय में मादक पदार्थों का अपसेवन एक गंभीर समस्या बन गया है, जिसके कारण युवाओं के सबसे अधिक उपयोगी और आशाप्रद वर्ष व्यर्थ चले जाते हैं। मादक पदार्थों के अपसेवन से जुड़े जोखिमों को दूर करने के लिए विद्यालयों, परिवार और समुदायों में एक प्रोत्साहक वातावरण को बढ़ावा देना आवश्यक है, जिससे समग्र स्वस्थता/कल्याण और विकास की संस्कृति को बढ़ावा मिले।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ सहयोग करते हुए, सीबीएसई सभी को और विशेष रूप से युवाओं को ड्रग्स के जोख़िम के विरुद्ध ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित करने हेतु एक जागरूकता अभियान शुरू कर रहा है। **"जिंदगी को हाँ और नशे को ना कहें"** शीर्षक से ई-प्रतिज्ञा अभियान हमारे युवाओं और हमारे देश के लिए स्वस्थ और मादक द्रव्य/मादक पदार्थ मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम होगा।

**स्कूलों के लिए कार्य योजना:**

I. **ई-प्रतिज्ञा अभियान:** ई-प्रतिज्ञा अभियान का शुभारम्भ 5 जून 2024 को होगा और यह 26 जून 2024 तक चलाया जाएगा।

- **ई-प्रतिज्ञा लेना:** सभी छात्रों और स्टाफ सदस्यों को 26 जून 2024 से पहले https://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse/ पर ई-प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। 'प्रतिज्ञा कैसे लें', ई-प्रमाणपत्र कैसे उत्पन्न और डाउनलोड करें, इस पर विस्तृत चरण-दर-चरण निर्देश **अनुलग्नक-'क'** में दिए गए हैं।
- **भागीदारी:** विद्यालयों द्वारा छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और सभी संबंधित हितधारकों को इसमें सहभागी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**II. स्मरणोत्सव गतिविधियाँ:**

- ऐसी गतिविधियों और कार्यक्रमों को प्रोत्साहित और लागू करें जो छात्रों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए सशक्त बनाते हैं।
- "ड्रग-फ्री इंडिया" की दिशा में योगदान देने के लिए मादक द्रव्यों/ नशीली दवाओं के दुष्प्रयोग के विरुद्ध जागरूकता फैलाएँ। स्कूल परिसर में प्रमुख स्थानों के साथ-साथ वेबसाइट पर मादक पदार्थों के अपसेवन के विरुद्ध जागरूकता से संबंधित स्टैंडी, बैनर और ई-कार्ड प्रदर्शित करें।
- मादक द्रव्यों /नशीली दवाओं के दुष्प्रयोग को समाप्त करने की प्रतिबद्धता और एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने के विषय से जुड़ी उपयुक्त गतिविधियाँ आयोजित करें और ऑडियो-विज़ुअल क्रिएटिव साझा करें।
- वरिष्ठ कक्षाओं के लिए पोस्टर बनाना/ चित्रकला, भूमिका निर्वहण/नुक्कड़ नाटक और मिडिल स्कूल कक्षाओं के लिए निबंध लेखन/कविता/जिंगल्स जैसी प्रोत्साहक और जागरूकता निर्माण गतिविधियाँ आयोजित करें।

जारी...

**III. अभियान संबंधी रिपोर्ट की प्रस्तुति:**

- **स्कूल दिनांक 27.06.2024 तक Google फ़ॉर्म लिंक https://forms.gle/psEAjYzFZvXdCBhS6 पर इस अभियान की गतिविधियों पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट अपलोड कर सकते हैं।**

आपसे आग्रह है कि कृपया सभी छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों के बीच इस जानकारी का प्रसार करें और उन्हें ई-शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित करें। **आपकी सक्रिय भागीदारी इस अभियान की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। आपके सहयोग और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद।**

आइए हम सब मिलकर इस नेक कार्य में सहयोग करें और सामूहिक रूप से नशीली दवाओं के दुष्प्रयोग के जोख़िम को दूर करें।

**शुभकामनाएँ,**

**ह/अ**
**(हिमांशु गुप्ता, आईएएस)**
**सचिव**

**संलग्न: अनुलग्नक- 'क'**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारितकरने के अनुरोध सहित :**

1. उप महानिदेशक (जागरूकता), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066
2. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
3. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
4. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
5. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
6. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
7. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
8. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
9. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101
10. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर –791111
11. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
12. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल – लद्दाख
13. स्कूल शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
14. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
15. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नं. 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
17. अध्यक्ष, सीबीएसई के उस सचिव
18. सभी निदेशक/परीक्षा नियंत्रक/सीवीओ, सीबीएसई
19. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजें।
20. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
22. संयुक्त सचिव (आईटी इकाई) इस अनुरोध के साथ कि इस पत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें।

**ANNEXURE - A**

## HOW TO TAKE PLEDGE ( STEP )

Take Pledge




https://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse/

↓

Click on the Take Pledge

↓

Enter Basic Details

↓

Proceed for Language Selection

↓

**TAKE PLEDGE**

We realize that drug abuse is increasing in our country, especially among the youth and this is a matter of concern. We pledge that we will cooperate in stopping the drug abuse. We promise that we will not consume any harmful or illegal drugs in any way for any purpose.

We will create awareness about the ill effects of drug abuse by encouraging every person, especially the youth so that the youth of India can live drug-free and they can become creative and important members of the society. Today we pledge that we will stay away from drugs and live a healthy life.

↓

Enter OTP received on Mobile

↓

Certificate will be Generated

- प्रमाणपत्र अपने मोबाइल पर भेजें / Send certificate to your mobile
- प्रमाणपत्र | शपथ अपने ई-मेल पर भेजें / Send certificate | Pledge to your email
- छाप | डाउनलोड प्रमाणपत्र / Print | Download Certificate
- फेसबुक के साथ साझा करें / Share with Facebook
- ट्विटर के साथ साझा करें / Share with Twitter

